काला खेल

पुलिस की नाक के नीचे दौड़ रहे अवैध रेत से लदे ट्रैक्टर, 25 सौ रुपये फिक्स है रेट

# गोहपारू में खाकी के साये में रेत का काला खेल

▸ गोहपारू में सिपाही करा रहे हैं रेत का उत्खनन



**नवभारत गोहपारू।** कानून की धज्जियां उड़ाता 'पीला सोना' सरकार भले ही अवैध खनन को लेकर 'जीरो टॉलरेंस' की नीति का दावा करे, लेकिन गोहपारू थाना क्षेत्र में हकीकत इसके ठीक उलट है। यहाँ की नदियों का सीना छलनी कर निकाला जा रहा 'पीला सोना' (रेत) रात के सन्नाटे में नहीं, बल्कि पुलिस की मौजूदगी में सड़कों पर दौड़ रहा है। यह महज एक अवैध कारोबार नहीं, बल्कि एक सुनियोजित 'सिंडिकेट' है, जिसमें रक्षक ही भक्षक की भूमिका में नजर आ रहे हैं।

## ग्राउंड जीरो की हकीकत बेखौफ दौड़ते ट्रैक्टर

आगर गोहपारू थाना क्षेत्र का बात करे तो नजारा चौंकाने वाला था। बिना नंबर प्लेट वाले दर्जनों ट्रैक्टर-ट्रॉली अवैध रेत से लदे हुए मुख्य चौराहे से गुजर रहे थे। हैरानी की बात यह है कि महज 500 मीटर की दूरी पर स्थित पुलिस चौकी पर तैनात जवान इस पूरे घटनाक्रम से अनजान बने रहे।

स्थानीय निवासी (नाम गोपनीय) ने बताया 'साहब, यहाँ सब फिक्स है। हर ट्रैक्टर का एक 'कोड' है। जैसे ही एंट्री फीस पहुंचती है, रास्ते साफ कर दिए जाते हैं। अगर कोई नया ट्रैक्टर बिना सेटिंग के घुस जाए, तो तुरंत कार्रवाई हो जाती है।'

## पुलिस और माफिया का अपवित्र गठबंधन

सूत्रों के अनुसार, इस अवैध कारोबार का एक गुप्त नेटवर्क व्हाट्सएप ग्रुप्स के जरिए चलता है। पुलिस की पीसीआर वैन की लोकेशन और गश्त के समय की जानकारी पहले ही माफियाओं तक पहुंचा दी जाती है। एंट्री सिस्टम: हर ट्रैक्टर से महीने या प्रति चक्कर के हिसाब से 'सुविधा शुल्क' वसूला जाता है।

**तेज रफ्तार का कहर:** अवैध रेत से लदे ये ट्रैक्टर गलियों और सड़कों पर इतनी तेज रफ्तार से चलते हैं कि आए दिन हादसे होते हैं, लेकिन रसूख के चलते मामले दबा दिए जाते हैं।

## पर्यावरण और राजस्व को भारी चपत

अवैध खनन के कारण न केवल नदी का जलस्तर नीचे जा रहा है, बल्कि सरकार को करोड़ों रुपये के राजस्व का चूना लग रहा है। माइनिंग विभाग के नियमों को ताक पर रखकर मशीनों से खुदाई की जा रही है, जिससे जलीय जीवों का अस्तित्व भी खतरे में है।

## निष्कर्ष : सवाल जो जवाब मांगते हैं

क्या उच्चाधिकारियों को वाकई इस बड़े नेटवर्क की भनक नहीं है। क्या पुलिस की नाक के नीचे बिना नंबर के ट्रैक्टरों का गुजरना सामान्य बात है। आखिर कब तक 'जांच का आश्वासन' देकर अवैध खनन के इस खेल को जारी रखा जाएगा। 'सवाल जनता का: वर्दी पर दाग या सिस्टम की लाचारी।' क्या पुलिस की नाक के नीचे रेत का खेल पुलिस की रजामंदी के बिना संभव है। अगर रात भर ट्रैक्टर दौड़ते हैं, तो पेट्रोलिंग गाड़ियों को वो दिखाई क्यों नहीं देते। आखिर किसकी जेब में जा रहा है 'पीले सोने' का ये काला पैसा ? क्या पुलिस कप्तान को अपने मातहतों की इस मिलीभगत की खबर नहीं है। क्या सरकार के राजस्व को लग रहा ये करोड़ों का चूना किसी की जेब भरने के लिए लगाया जा रहा है।

# जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी की समीक्षात्मक बैठक आयोजित




**नवभारत, शहडोल।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के राष्ट्रीय सचिव एवं मध्यप्रदेश कांग्रेस के सहप्रभारी डॉ. चंदन यादव तथा शहडोल संगठन प्रभारी एवं विधायक नारायण पट्टा के मुख्य आतिथ्य एवं जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल के जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी की अध्यक्षता में जयसिंहनगर एवं ब्यौहारी विधानसभा क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सोहागपुर, जयसिंहनगर, गोहपारु, सिंहपुर, ब्यौहारी, बाणसागर, पपौध, अमझोर एवं करकी ब्लॉक कांग्रेस कमेटियों की बैठक तथा वार्ड एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों की समीक्षात्मक बैठक आयोजित की गई। बैठक में संगठन की वर्तमान स्थिति, बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत बनाने, वार्ड एवं पंचायत कांग्रेस कमेटियों की सक्रियता बढ़ाने तथा आगामी राजनीतिक कार्यक्रमों की रणनीति को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। कार्यक्रम में उपस्थित पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से संगठनात्मक गतिविधियों की जानकारी लेते हुए क्षेत्रवार समीक्षा की गई तथा कार्यकर्ताओं को अधिक सक्रियता के साथ जनता के बीच कांग्रेस की नीतियों और विचारधारा को पहुंचाने का आह्वान किया गया। इस अवसर पर डॉ. चंदन यादव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हमेशा से जनता की आवाज को मजबूती से उठाने वाली पार्टी रही है। आज आवश्यकता है कि कार्यकर्ता गांव-गांव, वार्ड-वार्ड तक पहुंचकर आम जनता की समस्याओं को सुनें और उन्हें पार्टी मंच के माध्यम से प्रभावी तरीके से उठाएं। उन्होंने कहा कि संगठन की मजबूती ही आने वाले समय में कांग्रेस की जीत की आधारशिला बनेगी, इसलिए हर कार्यकर्ता को जिम्मेदारी के साथ सक्रिय रहना होगा। वहीं विधायक नारायण पट्टा ने कहा कि कांग्रेस कार्यकर्ता ही पार्टी की असली ताकत हैं। जब कार्यकर्ता संगठित होकर जनता के बीच काम करते हैं, तब पार्टी को जनसमर्थन स्वत: प्राप्त होता है। उन्होंने कहा कि स्थानीय समस्याओं जैसे रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, पेयजल एवं किसानों से जुड़े मुद्दों को प्रमुखता से उठाया जाए और जनता के बीच कांग्रेस की सकारात्मक भूमिका को मजबूत किया जाए। बैठक की अध्यक्षता करते हुए जिलाध्यक्ष अजय अवस्थी ने कहा कि जिला कांग्रेस कमेटी शहडोल संगठन को और अधिक मजबूत बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। उन्होंने सभी ब्लॉक अध्यक्षों, पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं से अपील की कि वे बूथ स्तर तक संगठन को सक्रिय बनाते हुए आगामी कार्यक्रमों को सफल बनाएं और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाएं। बैठक के दौरान सभी ब्लॉकों के पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने अपने-अपने क्षेत्रों की राजनीतिक स्थिति और जनसमस्याओं से अवगत कराया। साथ ही संगठन को और मजबूत बनाने तथा आगामी कार्यक्रमों को प्रभावी ढंग से संचालित करने के लिए सुझाव भी दिए गए। बैठक में बड़ी संख्या में ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष, मंडलम अध्यक्ष, पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं कांग्रेस कार्यकर्ता उपस्थित रहे। अंत में संगठन को मजबूती देने तथा जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाने का संकल्प लेते हुए बैठक का समापन किया गया।

# सोहागपुर एरिया महाप्रबंधक कार्यालय के बाहर दूसरे दिन भी संयुक्त मोर्चा का क्रमिक अनशन जारी

▸ जब तक हमारी मांग पूरी नहीं होती चलता रहेगा क्रमिक अनशन : द्वारका मिश्र





**नवभारत, धनपुरी।** सोमवार से संयुक्त मोर्चा एसईसीएल सोहागपुर एरिया के द्वारा 6 सूत्रीय मांग को लेकर अनिश्चितकालीन के लिए क्रमिक अनशन शुरू किया गया है और आज अनशन के दूसरे दिन महेंद्र सिंह प्रभु नाथ पांडे आशीष सिंह कुलदीप सिंह जितेंद्र गुप्ता क्रमिक अनशन के सहभागी बने।

संयुक्त मोर्चा के क्रमिक भूख हड़ताल में दूसरे दिन अमलाई ओ सी एम के साथी बैठे हुए हैं। आज के कार्यक्रम के अध्यक्ष द्वारका प्रसाद मिश्रा उपस्थित सभी श्रम संगठन के क्षेत्रीय एवं इकाई के पदाधिकारी भारी संख्या में उपस्थित सोहागपुर क्षेत्र के कर्मचारी साथी मुख्य रूप से आज कार्यक्रम में श्री सुरेश चतुर्वेदी पूर्व जिला महामंत्री , कांग्रेस मध्य प्रदेश इंटक के सचिव रज्जु गौतम बीएमएस से महेंद्र पाल कंपनी वेलफेयर बोर्ड सदस्य ओमकार द्विवेदी महामंत्री अखिलेस्वर मिश्रा महेंद्र सिंह नरेंद्र शुक्ला एचएमएस यूनियन से शशि भूषण शुक्ला जी,शिवनारायण मिश्रा,नीरज चतुर्वेदी,मनोज द्विवेदी, विनीत द्विवेदी , गौरव गुरिया,अनूप मिश्रा विकाश चंद पाण्डे, तुलसी यादव , प्रदीप पांडे, राहुल धोक एटक यूनियन से राजेश चंद शर्मा कंपनी कल्याण सदस्य रवेंद्र शुक्ला कमलेश्वर पटेल मुकेश राय , सुधीर सिंह कामेश्वर सिंह , सीटू यूनियन से अरुण गौतम,विनोद राय,शिव तिवारी ,धीरेन्द्र पांडेय ,नरेंद्र पटेल , इंटक यूनियन से विनोद तिवारी कैलाश यादव ,महेंद्र शुक्ला , प्रकाश पांडे , प्रमुख वक्ता के रूप में ओमकार द्विवेदी, अरुण गौतम , नीरज चतुर्वेदी विनीत द्विवेदी महेंद्र शुक्ला कैलाश यादव अखिलेश्वर मिश्रा धीरेंद्र पांडे कमलेश्वर पटेल रज्जू गौतम द्वारका प्रसाद मिश्रा आदि रहे।

इस अवसर पर भारतीय कोयला खदान मजदूर संघ के वरिष्ठ श्रमिक नेता द्वारका प्रसाद मिश्र ने कहा कि अगर आज हम यहां पर सभी मिलकर इस क्रमिक अनशन को कर रहे हैं तो यह मजदूर के हित में है जिस तरह से प्रबंधन के द्वारा सुहागपुर एरिया से कर्मचारियों के स्थानांतरण को लेकर बात कही जा रही है उसे किसी भी कीमत पर स्वीकार नहीं किया जाएगा प्रबंधन को अपना यह निर्णय बदलना होगा क्योंकि अगर आज यह एरिया कोयला उत्पादन को लेकर आगे बढ़ रहा है तो इसमें एरिया के कोयला खदानों में काम करने वाले प्रत्येक कर्मचारी का सबसे बड़ा योगदान है इसी के साथ-साथ अन्य प्रमुख मांगे भी जो हमारी ओर से प्रबंधन के समक्ष रखी गई है उन्हें भी पूरा किया जाए और ऐसा नहीं होता तो यह क्रमिक अनशन इसी तरह चलता रहेगा।

## रामनिवास पाठक का निधन



**गोहपारू शहडोल।** मप्र शिक्षक संघ गोहपारू के निवर्तमान ब्लाक अध्यक्ष महेन्द्र प्रसाद पाठक एवं एडवोकेट तुलसीदास पाठक के बड़े पिता कौशलराम पाठक के पुत्र रामनिवास पाठक का लंबी बीमारी के बाद विगत दिनों घर में ही देहावसान हो गया जिनकी उम्र लगभग 72वर्ष रही जो कई पंचवर्षीय करुआ ग्राम पंचायत के वार्ड मेंबर एवं सक्रिय कांग्रेस कार्यकर्ता भी रहे। ज्ञात हो कि स्व पाठक के एक पुत्र एवं तीन पुत्रियां हैं जिनमें एक पुत्र एवं एक पुत्री की शादी होना शेष है, एक मात्र पुत्र सुनील पाठक आचार्य श्री विजयानंद शास्त्री जी के विशेष अनुयायी द्वारा मुखाग्नि देकर अंतिम संस्कार किया गया। स्वर्गीय पाठक के निधन पर अनेक शुभेच्छुओं सहित एडवोकेट तुलसीदास पाठक, महेंद्र पाठक ओंकार पाठक अंजनी कुमार पाठक विवेक पाठक पूर्व जिला योग प्रभारी शहडोल एवं म प्र शिक्षक संघ के संरक्षक महेश प्रसाद द्विवेदी, तहसील अध्यक्ष बालेंद्र प्रसाद मिश्र, ब्लाक अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित किए।



# नगर पालिका अध्यक्ष एवं सीएमओ ने यूनिफॉर्म प्रदान कर दीं शुभकामनाएं

**नवभारत, शहडोल ।** भारत सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय, नई दिल्ली द्वारा भारत मंडपम, नई दिल्ली में 13 मार्च 2026 को 'अमृत मित्र महोत्सव' का आयोजन किया जाएगा। नगरपालिका अध्यक्ष श्री घनश्याम जायसवाल एवं मुख्य नगरपालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी ने दिल्ली में आयोजित होने वाले 'अमृत मित्र महोत्सव' के लिए चयनित शहडोल नगरपालिका की 5 अमृत मित्र महिलाओ को यूनिफॉर्म प्रदान कर शुभकामनाएं दी एवं अमृत मित्र महिलाओ को अमृत मित्र महोत्सव में सहभागिता हेतु रवाना किया। इस राष्ट्रीय स्तर के कार्यक्रम में देशभर से चयनित महिला प्रतिनिधि सहभागी बनकर अपने-अपने शहरों में किए जा रहे नवाचारों, अनुभवों तथा सफलताओं को साझा करेंगी। उल्लेखनीय है कि अमृत 2.0 योजना के अंतर्गत शहडोल नगर में वोमेन फॉर ट्रीज अभियान, जल गुणवत्ता परीक्षण तथा विवेकानंद पार्क के संधारण एवं प्रबंधन जैसे महत्वपूर्ण कार्यों में 11 स्व-सहायता समूहों की 25 महिलाएं 'अमृत मित्र' के रूप में सक्रिय भूमिका निभा रही हैं। महिलाएं पर्यावरण संरक्षण, स्वच्छता, हरित विकास एवं सामुदायिक भागीदारी को बढ़ावा देने के लिए निरंतर सराहनीय कार्य कर रही हैं।

# वाटर ट्रीटमेंट प्लांट के ऑपरेटर अहीम सिंह ने प्रदेश स्तर पर बढ़ाया मान



**नवभारत, गोहपारू।** जल जीवन मिशन के अंतर्गत गोहपारू वाटर ट्रीटमेंट प्लांट ने प्रदेश स्तर पर अपनी उत्कृष्टता सिद्ध की है। प्लांट में पदस्थ वाल्वमैन एवं ऑपरेटर श्री अहीम सिंह ने भोपाल में आयोजित राज्य स्तरीय प्रशिक्षण कार्यक्रम में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करते हुए 'सर्वश्रेष्ठ ऑपरेटर' का गौरव हासिल किया है। मध्यप्रदेश के विभिन्न जिलों से आए 72 अनुभवी ऑपरेटरों के बीच मास्टर ट्रेनर्स ने श्री अहीम सिंह की कार्यकुशलता और तकनीकी ज्ञान को सर्वोपरि माना।

## परियोजना प्रबंधक का मार्गदर्शन रहा निर्णायक

श्री अहीम सिंह ने अपनी इस सफलता का श्रेय वाटर ट्रीटमेंट प्लांट गोहपारू के परियोजना प्रबंधक श्री रोहित मिश्रा के कुशल मार्गदर्शन और निरंतर प्रोत्साहन को दिया है। श्री मिश्रा के नेतृत्व में प्लांट के सुचारू संचालन और तकनीकी उन्नयन के कारण ही टीम को इस स्तर की विशेषज्ञता प्राप्त हुई है। श्री रोहित मिश्रा ने अहीम सिंह की इस उपलब्धि पर हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि, 'यह पूरे गोहपारू प्लांट और हमारी टीम के अनुशासन का प्रतिफल है।'

## अब सिवनी में मास्टर ट्रेनर के रूप में देंगे प्रशिक्षण

उल्लेखनीय है कि अहीम सिंह की प्रतिभा को देखते हुए उन्हें आगामी 12 से 14 मार्च तक जिला सिवनी के कलेक्टर सभागार में आयोजित प्रशिक्षण शिविर हेतु 'मास्टर ट्रेनर' नियुक्त किया गया है। यहाँ वे जिले के अन्य ऑपरेटरों और वाल्वमैन को जल शोधन और वितरण की बारीकियों से अवगत कराएंगे। इस उपलब्धि पर क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों और विभागीय अधिकारियों ने श्री अहीम सिंह एवं परियोजना प्रबंधक श्री रोहित मिश्रा को बधाई दी है।

# आयुष स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक विस्तारित करें : कलेक्टर

▸ जिला आयुर्वेद चिकित्सालय के रोगी कल्याण समिति की बैठक आयोजित



**नवभारत, शहडोल।** कलेक्टर डॉ.केदार सिंह ने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय की रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करते हुए निर्देश दिए कि जिले में आयुष स्वास्थ्य सेवाओ को और अधिक विस्तारित करने के साथ ही योग, प्राणायाम जैसी अन्य गतिविधियां भी प्राथमिकता से संचालित की जाएं। ग्रामीण क्षेत्रो में संचालित आयुर्वेद औषधालयो में संस्थागत प्रसव बढावा दिया जाए। बैठक में कलेक्टर ने जिला आयुर्वेदिक चिकित्सालय के संचालन हेतु आय-व्यय विवरण, सेवा शुल्क पुनर्निर्धारण, आवश्यक यंत्र एवं उपकरणों की खरीद, निर्माण एवं मरम्मत कार्य जैसे अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा कर आवश्यक निर्णय लिए। बैठक में निर्णय लिया गया कि जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में पंचकर्म के दौरान विद्युत व्यवस्था बनाएं रखने हेतु इनवर्टर सेट लगाया जाए। उन्होंने जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में गर्मी के दिनो में रोगियो को स्वच्छ एवं ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु एक नग वाटर कूलर दान में उपलब्ध कराने तथा अग्नि शमन शोधक यंत्र, हिमोग्लोबिन टेस्टिंग किट एवं मशीन, चलने में असक्षम रोगियो के लिए बाकर की व्यवस्था सहित अन्य व्यवस्थाओ के लिए डीएमएफ मद से 1 लाख रूपये उपलब्ध कराने की बात कही। जिला आयुर्वेद चिकित्सालय में सीवेज चैंम्बर एवं बोरवेल मरम्मत के निर्देश मुख्य नगरपालिका अधिकारी को दिए। बरसात के दिनो में परिसर में पानी भर जाने से बचाव हेतु फिलिंग एवं लेवलिंग तथा पेपर ब्लाक्स लगाने की व्यवस्था रोगी कल्याण समिति के माध्यम से कराने के निर्देश दिए। बैठक में जिला आयुर्वेद अधिकारी डॉ. शशि प्रभा पाण्डेय ने बताया कि चिकित्सालय में 30 बिस्तरीय अस्पताल संचालित है, दैनिक ओपीडी 70 के लगभग है, समय -समय पर ओपीडी घटती बढती है। बैठक में मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती आशा भंडारी, जिला आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ.आयशा मिश्रा, कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग सहित समिति के अन्य सदस्य उपस्थित रहें।

समापन

पारंपरारिक खेलों को बढावा देने हेतु कबड्डी प्रतियोगिता का किया जा रहा है आयोजन : सीईओ जिला पंचायत

# खेलों से अनुशासन, समन्वय तथा खिलाड़ियों में एकाग्रता का होता है विकास : विधायक

▸ राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत जिला स्तरीय बालक एवं बालिका कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित





**नवभारत, शहडोल ।** खेलो से खिलाड़ियो में अनुशासन, आपसी समन्वय एवं सहयोग के विकास के साथ ही एकाग्रता भी बढती है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया तथा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा खेलो एमपी अभियान के माध्यम से खिलाड़ियो को प्रतिभाओ को निखारने के लिए एवं मंच प्रदान करने के लिए विभिन्न खेल प्रतियोगिताओ के आयोजन के माध्यम से खेलो को बढावा दिया जा रहा है। सभी खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन करके आकर्षक ईनाम जीतें। यह प्रतियोगिता ग्रामीण अंचलो के खिलाड़ियो को सीखने और आगे बढने का अवसर है। सभी खिलाड़ी हार जीत की चिंता किये बिना अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें। यह विचार जयसिंहनगर विधानसभा क्षेत्र की विधायक श्रीमती मनीषा सिंह ने जिला मुख्यालय स्थित महात्मा गांधी स्टेडियम में आयोजित एक दिवसीय बालक एवं बालिका वर्ग कबडडी प्रतियोगिता के शुभारंभ के अवसर पर मुख्य अतिथि की आसंदी से व्यक्त किये। इसके पूर्व अतिथियो द्वारा स्वामी विवेकानंद की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन कर प्रतियोगिता का शुभारंभ किया गया। अतिथियो ने विभिन्न टीमों के खिलाड़ियो से परिचय प्राप्त कर बेहतर प्रदर्शन के लिए बधाईयां दी।

मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री शिवम प्रजापति ने बताया कि राष्ट्रीय ग्रामीण स्वराज अभियान के तहत मध्यप्रदेश शासन, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग द्वारा पारंपरिक खेलो को बढावा देने हेतु ग्राम स्तर से लेकर जिला स्तर तक कबडडी प्रतियोगिता का आयोजन बालक एवं बालिका वर्ग में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में बालक वर्ग में 8 टीमें तथा बालिका वर्ग में 4 टीमें भाग ले रही है। प्रतियोगिता नॉक आउट पद्वति से आयोजित की गई है। विजेता टीम को 21 हजार रूपये उप विजेता टीम को 11 हजार रूपये तथा तीसरा स्थान प्राप्त करने वाली टीम को 5100 रूपये का नगद पुरूस्कार एवं ट्राफी एवं प्रमाण पत्र दिएं जाएंगे। पहला मैच बालिका वर्ग में जनपद पंचायत जयसिंहनगर एवं पं. शंभूनाथ शुक्ल विश्व विद्यालय टीमो के मध्य खेला गया। कार्यक्रम में अतिरिक्त मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत श्री मुद्रिका सिंह, सहायक संचालक श्री संजय पाण्डेय, जिला खेल अधिकारी स्कूल विभाग श्री रामरूद्र पटेल, खेल एवं युवा कल्याण विभाग के ब्लाक समन्वयक श्री अजय सोंधिया, देवानंद सोंधिया सहित मैच रेफरी, खिलाड़ी एवं बडी संख्या में खेल प्रेमी उपस्थित रहें।



# प्रस्फूटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण आयोजित

**नवभारत, शहडोल।** ग्राम पंचायत पाथर मे नवांकुर संस्था सत्य सामाजिक संस्था द्वारा सत्र 2025-26 मे सेक्टर नंबर 4 मे चयनित ग्राम विकास प्रस्फूटन समितियों का क्षमतावर्धन प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, प्रशिक्षण विषयवस्तु के अनुरूप मेंटर श्री प्रवीण कुमार दुबे द्वारा प्रदान किया गया,कार्यक्रम मे विकासखंड समन्वयक श्री अलोक सोंधिया की सहभागिता रही ,नवांकुर संस्था से अध्यक्ष श्री देवेंद्र सिंह की सहभागिता रही ,बैठक मे सभी समिति के सदस्य एवं अध्यक्ष ,सचिव की सहभागिता रही ,सभी सदस्यों ने प्रशिक्षण प्राप्त कर सफल प्रमाण पत्र प्राप्त किया।। प्रशिक्षण मे आदर्श ग्राम योजना,समितियों के कार्य जन समुदाय की सहभागिता ,पर्यावरण संरक्षण, शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार पर विस्तार से प्रशिक्षण प्रदान किया गया ।

कार्यालय नगर परिषद् बकहो जिला - शहडोल (म.प्र.)

नेशनल हाईवे मेन रोड बकसो (Ph-9755485693) E-mail cmobakho shahdol@mourban.gov.in

क्रमांक / 446 / न.परि. / 2025-26 बकहो, दिनांक- 11/03/2026

प्रेस विज्ञप्ति

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि पीएम स्वनिधि योजना के तहत शहरी स्ट्रीट वेंडरों (पथ विक्रेता) छोटे रेहडी पटरी विक्रेता विज्ञप्ति जारी दिनांक से 10 दिवस के भीतर कार्यालय नगर परिषद बकहो में संपर्क कर अपना आवेदन पत्र जमा अपना कार्ड प्राप्त करें जिससे शासन के निर्देशानुसार प्राप्त होने वाला ऋण दिलाया जा सके। नियत तिथि पूर्ण होनें के उपरांत प्राप्त होनें वाले आवेदनों पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद बकहो
जिला शहडोल (म.प्र.)